NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment

((उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (एआईएपीजीईटी)- 2020

सार्वजनिक सूचना
दिनांक:06.05.2020

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक स्वतंत्र, स्वायत्त, स्वपोषित और आत्मनिर्भर प्रमुख परीक्षा संगठन के रूप में की गई है। शैक्षणिक सत्र 2020-2021 में एमडी / एमएस / आयुर्वेद में पीजी डिप्लोमा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा -2020 के संचालन का कार्य भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए) को सौंपा गया है।

एआईएपीजीईटी -2020 का विवरण इस प्रकार है:

प्रश्नपत्र	अंक	प्रश्नों की संख्या (बहुवैकल्पिक)	समय	समयावधि
प्रथम	480	120	प्रात: 10.00 बजे से अपराह्न 12.00 तक (भारतीय मानक समय)	02 घंटे

परीक्षा का आयोजन केवल ‘कंप्यूटर आधारित परीक्षा’ (सीबीटी) विधि से ही किया जाएगा।

एआईएपीजीईटी -2020 में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट www.nta.ac.in एवं ntaaiapget.nic.in पर उपलब्ध एआईएपीजीईटी -2020 की सूचना विवरणिका को देख सकते हैं।

एआईएपीजीईटी -2020 में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी 06 मई 2020 से 05 जून (4.00 सायं तक) ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्षा शुल्क का भुगतान 05 जून ((11:50 मध्यरात्रि) तक (केवल) ऑनलाइन ही किया जा सकता है।

एन.टी.ए. द्वारा एआईएपीजीईटी -2020 की परीक्षा के दिनांक की घोषणा वेबसाइट पर यथासमय पर उपलब्ध की जाएगी।

वरिष्ठ निदेशक
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

पत्रव्यवहार का पता:
ब्लॉक C-20 / 1A / 8, सेक्टर 62, IITK आउटरीच केंद्र,
गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201309, उत्तर प्रदेश (भारत)
ईमेल: aiapget@nta.ac.in, हेल्पडेस्क नंबर 0120-6895200